## एक नजर में

### तिल्ली के खेत में गाय घुसने पर दो पक्षों में विवाद, दो घायल

**श्योपुर, 3 अगस्त।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के जमूर्दी गांव में तिल्ली के खेत में गाय घुसने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस झगडे में दोनों तरफ से दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जमूर्दी निवासी हल्के माली की गाय 2 अगस्त की शाम 5 बजे मुकेश रावत के तिल्ली के खेत में घुस गई। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया के दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की जमकर मारपीट कर दी, जिसमें दोनों तरफ से दोनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष के हल्के पुत्र गुलाब माली की शिकायत पर मुकेश रावत के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मुकेश पुत्र रामलखन रावत की शिकायत पर हल्के माली के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### करंट लगने से हुई थी मौत, खेत मालिक पर मामला दर्ज

**श्योपुर।** बडौदा थाना क्षेत्र के पहाड़ली गांव में बीते दिवस खेत पर काम करते समय करंट लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच पर से खेत मालिका पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ली निवासी आकाश आदिवासी धनराज गुर्जर के यहां मजदूरी का काम करता था। 6 जुलाई की सुबह 9 बजे खेत पर बनी टपरिया में करंट लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच में लिया। 25 दिन में पुलिस ने जांच पूरी की। जांच में सामने आया कि खेत मलिक धनराज गुर्जर ने खेत पर बिजली के नंगे तार लगा रखे थे, जिसकी वजह से उसे करंट लगा है। पुलिस ने फरियादी हरिओम पुत्र गोरीशंकर आदिवासी की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया है।

### लाईट का तार हटाने की बात पर की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** बडौदा थाना क्षेत्र के चंद्रसागर मंदिर के पास लाईट का तार हटाने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रसागर तालाब के पास रहने वाले पूरन आदिवासी के घर का बिजली का तार हटा दिया। इस बात पर दोनों के बीच झगडा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी नरेश आदिवासी ने गालियां देते हुए फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्योपुर।** देहात थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1500 रुपये की अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रंगलाल पुत्र स्व . फौजी बंजारा निवासी निमौदामठ को बर्धा बुजुर्ग सहराने के किनारे से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी 800 रुपये है। दूसरी कार्रवाई में प्रभू पुत्र फौजी बंजारा को मयापुर की पुलिया के पास से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है, पुलिस ने उसके कब्जे से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 700 रुपये है। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के मामला दर्ज कर लिया है।

### बहरावदा में घुसा मगरमच्छ, मचा हडकंप

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के गांव बहरावदा में रविवार की सुबह एक



मगरमच्छ के आने से हडकंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मानपुर थाना पुलिस और फोरेस्ट की टीम ने रेस्क्यू करके मगरमच्छ को पकडा और फिर उसे चंबल नदी में जाकर सुरक्षित छोड दिया। सीप नदी किनारे बसे गांव बहरावदा में रात्रि के दौरान सीप नदी से निकलकर एक मगरमच्छ पहुंच गया। जो सुबह ग्रामीणों को दिखा। इसके बाद गांव में हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और फोरेस्ट विभाग को दी। मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि सूचना के बाद तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया और फोरेस्ट टीम को भी बुलवाया गया। पुलिस के सहयोग से फोरेस्ट टीम ने रेस्क्यू करके मगरमच्छ को पकडा और उसे सुरक्षित चंबल नदी में छुडवा दिया।

# किसानों की आवाज को कोई दबा नहीं सकता : चौधरी

## बडौदा में भारतीय किसान संघ प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 3 अगस्त।** जिले की बडौदा तहसील में रविवार को काशीनाथ जी की बावडी पर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से संगठन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानो की आवाज को कोई दबा नहीं सकता, हम अपने अधिकारों को लेकर हमेशा सतर्क रहते हैं, और वर्तमान में अतिवृष्टि से किसानो की फसल बर्बाद हुई है जिसके मुआवजे को लेकर हम प्रदर्शन कर ज्ञापन भी सौपेंगे।

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ भगवान बलराम एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में अवगत कराया गया कि ग्राम समिति और तहसील के पदाधिकारी को कार्य की गति अधिक से अधिक गांवों में ग्राम समिति तैयार करना है और रचनात्मक, संगठनात्मक और आंदोलनात्मक गतिविधियां के रूप में कार्य करने की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नरेंद्र नागर, मंत्री वीरेंद्र जाट, रामरतन शिवहरे, पूरन गुर्जर, रामसिंह जाट, जिला कार्यालय मंत्री भीमसिंह जाट, भीमराज सुमन, विष्णु धाकड़, प्रशांत नागर, रामदयाल, रामनिवास, भूपेंद्र, निर्मल गुर्जर कन्हैयालाल मीना, रामहेत मीणा, दुर्गाशंकर नागर एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# रविवार को बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना

## मोरडूंगरी सहित पर्यटन स्थलो पर उमड़े सैलानी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 3 अगस्त।** इस बार सावन का महीना पूरा बीतने वाला है लेकिन अभी भी बारिश का दौर जारी बना हुआ हैं। रविवार को शहर में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक झमाझम बारिश हुई जिसकी वजह से सड़कों पर पानी-पानी हो गया। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया।



ऐसे में रविवार का दिन होने के कारण शहरवासी भी मौसम का लुत्फ उठाने से पीछे नहीं हटे। यही वजह है कि शाम को शहर के मोरडूंगरी, हाथी टीला, नकचा बालाजी, बावंदा, आवदा डैम पर्यटकों से गुलजार नजर आए। बता दें कि लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के पर्यटन स्थल मोरडूंगरी, हाथीटीला और बावंदा पुलिया पर पानी की धाराएं बह रही हैं। इन स्थलों पर पानी आते ही नजारा मनमोहक हो गया है और यहां भी सुंदरता को निहारने, पानी में अटखेलियां करने और गोठ मनाने के लिए सैलानी भी पहुंचने लगे। रविवार को मोरडूंगरी व हाथीटीला पर सैकड़ों सैलानी पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह भीड़ लगने लगी। कोई खाना बना रहा था तो कोई घर से बनाकर लाए खाने को पूरे परिवार के साथ खाने का लुत्फ उठा रहा था। रविवार को कई लोग अपने छोटे बच्चों के साथ पानी के तेज बहाव में नहाते दिखे। इस दौरान पर्यटन स्थलो पर एहतियात के रूप में पुलिस व्यवस्थाऐं भी की गई, ताकि कोई भी व्यक्ति पानी के पास ना जा सके।

## अस्पताल में किया पौधरोपण

**श्योपुर, 3 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय श्योपुर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि जिला चिकित्सालय के स्टॉफ द्वारा अस्पताल परिसर में स्थित बगीचे में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई तथा बगीचे में 40 नए पौधों का रोपण किया गया।

# भाजपा वृहद स्तर पर चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 3 अगस्त।** जिला भाजपा कार्यालय पर आज रविवार को दोपहर 01 बजे भाजपा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला प्रभारी राधेश्याम पारीक, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, अशोक गर्ग, सुरेंद्र सिंह जाट, वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने की।

बैठक में सांसद तोमर ने कहा कि राष्ट्रवाद की अलख जगाते हुए भाजपा आज विश्व की सबसे बडी पार्टी बन गई है जिसमें 14 करोड़ से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता है, भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ रहे हैं, इस बैठक में भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की रणनीति बनाई जा रही है जिसमें हर घर तिरंगा अभियान चलाने के साथ शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान को चलाया जाना है जिसके लिए बूथ कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाये, इसके अलावा तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे, समाजसेवक, युवा वर्ग और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। जिले के प्रत्येक बूथ केन्द्रों 9 अगस्त से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाली जाये। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिंह जादौन एवं आभार व्यक्त दिनेश दुबौलिया ने किया।

# कुकर्मी शिक्षक को फांसी की मांग को लेकर गौरक्षक दल का प्रदर्शन

## एनएच 552 पर किया चक्काजाम, जमकर की नारेबाजी

**श्योपुर, 3 अगस्त।** शहर के श्योपुर-पाली रोड़ पर एनएच 552 पर पीजी कॉलेज के सामने रविवार को दोपहर 12.30 बजे गौरक्षक दल ने प्रदेश के राजगढ़ जिले में सारंगपुर ब्लॉक में गौमाता से कुकर्म करने वाले आरोपी शिक्षक को फांसी देने और बुल्डोजर की कार्यवाही की मांग को लेकर जंगी प्रदर्शन किया गया।

भारी बारिश के बीच गौरक्षको ने हाइवे को जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की गई। करीब दो घंटे तक लगे जाम के कारण दोनो और वाहनो की कतारें लग गई, जिसके बाद मौके पर एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस बल भी पहुंच गया, जिनकी समझाइश के बाद जाम खुल सका।

मप्र के राजगढ़ जिले में शिक्षक के रूप में पदस्थ श्योपुर जिले के बगडुआ गांव निवासी राशीद खान द्वारा गौ माता के साथ दुष्कर्म करने की घिनौनी घटना के विरोध में लगातार गौसेवकों एवं हिन्दू संगठनों में आक्रोश नजर आ रहा है, इस जघन्य कृत्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को



श्योपुर गौ रक्षकों ने नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया, जंगी प्रदर्शन में गौरक्षकों ने भारी बारिश के बीच भी अपना आंदोलन नहीं छोड़ा और रोड़ पर बैठकर दोनो और वाहनो की आवाजाही पर विराम लगा दिया।

इस दौरान यात्री वाहन, एंबुलेंस सहित कई वाहन फंस गये, इस दौरान गौरक्षकों ने गौ माता के दोषी को फांसी दो, गौ हत्यारे को बख्शा नहीं जाएगा जैसे नारे लगाते हुए कड़ा विरोध जताया। इस दौरान गौरक्षकों ने मांग की कि श्योपुर जिले के बगडुआ गांव निवासी आरोपी शिक्षक राशिद खान के घर पर तुरंत बुल्डोजर चलाया जाये और उसे फांसी की सजा दिलाई जाये। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह की घिनोनी हरकत करने वाला आरोपी जेल में सुरक्षित बैठा है जो समाज की आस्था और न्याय व्यवस्था पर गहरी चोट हैं। इस दौरान मौके पर एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, तहसीलदार टीएस लकड़ा, टीआई सतीश चौहान सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया, प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगो पर अड़े रहे, जिसके बाद प्रशासन ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम को खुलवा दिया।

**भारी बारिश में गौरक्षकों ने लगाये नारे :** सारंगपुर में शिक्षक राशिख खान के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पहुंचे गौरक्षकों ने भारी बारिश के बीच प्रदर्शन किया तो कई लोगो ने इसे सराहा तो वहीं कई वाहन चालकों ने इसे मनमानी करार दिया, लेकिन कुकर्मी शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर अड़े गौरक्षकों ने दो घंटे तक प्रदर्शन किया और प्रशासन को जल्द कार्यवाही के लिए उचित कार्यवाही को लेकर अनुरोध किया है।

# दतिया

# विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना होगा बाहर- डॉ . मिश्रा

**नवभारत न्यूज**

**दतिया , 3 अगस्त।** अब दतिया के विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के लिए अन्य जिलों में जाने की आवश्यकता नहीं है भाजपा सरकार द्वारा दतिया में मेडिकल कॉलेज , पत्रकार कॉलेज, विधि महाविद्यालय, गर्ल्स कॉलेज, पी.जी कॉलोज, बेटनरी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, और संस्कृत विद्यालय जैसे संस्थान स्थाापित किये है। छात्र पढ़ाई में आगे बडे और जिले का नाम रोशन करें।

उक्त बात मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा रविवार को स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा वृंदावन धाम में आयोजित छात्र-छात्राओं के निशुल्क



साइकिल वितरण कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सरकारी स्कूलो से जोड़ने और उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना प्रारंभ की। सरकार की मंशा थी कि दूर दराज के ईलाको की जो छात्र-छात्राऐं स्कूल से दूरी की बजह से विद्यालय नहीं पहुंच सकते या जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण स्कूल आने जाने में परेशानी होती है उन छात्र-छात्रओं को साईकिल उपलब्ध कराई जाये। ताकि छात्र-छात्राऐं अपनी पढ़ाई बीच में न छोडे।

उन्होंने छात्र छात्राओं को साइकिले वितरण की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा कुशवाहा जिला शिक्षा अधिकारी उदित नारायण मिश्रा, डी.पी.सी राजेश शुक्ला, अतुल भूरे चौधरी राजेश शुक्ला श्रीमती कल्पना तिवारी , धर्मेंद्र माझी , रामबहादुर सिंह गुर्जर, बी.आर.सी अखिलेश राजपूत, प्रशांत मिश्रा, साधना श्रीवास्तव, राजीव समाधिया, राजीव तिवारी, अक्कू दुबे ,श्रीमती सुलक्षणा गांगोटिय सहित कार्यक्रम स्थलों पर भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कलश यात्रा से आरंभ हुआ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**दतिया , 3 अगस्त।** श्री बिहारी जी मंदिर में पांच दिवसीय शिवभक्ति महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई, जो 7 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। निम्बार्क संप्रदाय के इस प्राचीन मंदिर में कृष्ण भक्ति के साथ अब शिव भक्ति की गंगा भी बहेगी। आयोजन के पहले दिन मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रारंभ रविवार को प्रातः 09 बजे कलश यात्रा से हुआ, जो मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर तिगैलिया, बांदिल मेडिकल वाली गली, दारुगर की पुलिया



होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुँची। इसके उपरांत पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम आरंभ हुआ। पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पहुँचकर स्वयं शिवलिंग निर्माण कर भगवान महादेव का अभिषेक एवं पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान शंकर के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति भजन गायक मनोज शुक्ला द्वारा दी गई, जिनका तबले पर साथ शिवम श्रीवास्तव ने दिया। संगीतमय आरती के साथ पहले दिन के कार्यक्रम का विश्राम हुआ। पुजारी पं. नमन गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन ठाकुर श्री बिहारी जी की सेवा-पूजा के उपरांत पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे से रुद्राभिषेक के साथ विशेष शिव पूजन संपन्न होगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है। इस दौरान पहले दिन के यजमान रेखा-आलोक पवैया, राजेंद्र डेगरे (मुनीम), जुगल शर्मा, हरिमोहन गुप्ता, महेश गुप्ता, अमित दीक्षित, नयन गोस्वामी, शुभ गुप्ता, हरी श्रीवास्तव, सीताराम,आशीष पवैया सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण कदम : अग्रवाल




**नवभारत न्यूज**

**दतिया , 3 अगस्त।** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंवढा के हॉल में एक देश एक चुनाव के संबंध में सेंवढा के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल मंचासीन रहे । डॉ श्याम बिहारी श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक देश में एक ही बार पूरे चुनाव कराने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बार-बार चुनाव होने से अर्थ का अपव्यय होता है ।

इसी प्रकार चंद्रेश गुप्ता ने कहा कि च्अलग-अलग प्रांत में अलग-अलग तारीखों में चुनाव होने से केंद्र सरकार को आचार संहिता के चलते निर्णय लेने में कठिन परेशानियां का सामना करना होता है ।ज्ज डॉ. कामिनी ने कहा कि एक देश एक चुनाव वर्तमान में जरूरी है देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा उठाया गया यह कदम प्रशंसनीय एवं देश हित में होकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अति आवश्यक है इसलिए मैं एक राष्ट्र एक चुनाव की पक्ष में हूं। विधायक प्रदीप अग्रवाल विधायक ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश की प्रगति के लिये देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी का महत्व पूर्ण कदम है ,बार बार चुनाव होने से देश की अर्थ व्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ता है ,बार बार आचार संहिता का देश वासियों को सामना करना होता है ,जनहित के अनेकों योजनाएं इसके चलते समय से लागू नहीं हो पाती हैं ।एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने से देश की अर्थ व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

## गोली लगने से घायल

**नवभारत न्यूज**

**भाण्डेर, 28 जुलाई।** थाना भांडेर क्षेत्र के सोफ्ता गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल युवक को गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में सीएचसी भांडेर लाया गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर तीन नामजद एवं दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 186/25, धारा 109 व 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ने सीएचसी भांडेर में जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह दोपहर 1 बजे के करीब गांव की गौशाला में गायों की सेवा कर रहा था और टीन शेड के नीचे बैठा था। तभी गांव के मनोज साहू निवासी ग्राम सोफ्ता तहसील भांडेर (कट्टा लिए), चिटरू (लाठी लिए) तथा जीतू (कुल्हाडी लिए) अपने दो अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुरानी रंजिश के चलते मनोज साहू ने फरिया जान से मारने की नीयत से कट्टे से गोली मारी, जो उसकी कमर के पीछे कुल्हे के ऊपर लगी। गोली लगते ही फरियादी जमीन पर गिर गया।

घटना को बुद्ध यादव व प्रहलाद यादव ने मौके पर देखा। इसके बाद प्रहलाद यादव ने तत्काल डायल 100 पर सूचना दी। डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भांडेर पहुंचाया गया। इस संबंध में थाना भांडेर में अपराध क्रमांक 186/25 धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है एवं आरोपियों की तलाश जारी है।

## आज विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**दतिया, 3 अगस्त।** 33 केव्ही एवं 33/11 केव्ही मेंटेनेस कार्य किये जाने के कारण सुरक्षा कारणों से आज 4 अगस्त को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। जिन क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी उनमें 33 केव्ही गोरघाट, भदोना, बेहरूका सबस्टेशन से निकलने वाले सभी 11 केव्ही फीडर से संबंधित की सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विधुत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 केव्ही बीकर आबादी 2 फीडर, 11 केव्ही पारासरी आबादी फीडर, 11 केव्ही सिलोरी आबादी फीडर, 11 केव्ही खोदन आबादी फीडर, 11 केव्ही लमकना आबादी फीडर, 11 केव्ही बड़ौनकलां आबादी फीउर, 11 केव्ही बरगांय आबादी फीडर, 11 केव्ही बसई आबादी फीडर आदि पंप फीडर की विधुत सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

# बीकर की छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में लहराया परचम

**भाण्डेर, 28 जुलाई।** शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बीकर की छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिलेभर में विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय खो-प्रतियोगिता में बीकर विद्यालय की अंडर -14 आयु वर्ग की छात्राओं ने अपना दमदार खेल दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 दतिया की टीम को निर्णायक मुकाबल 10-0 से पराजित कर बीकर की टीम ने संभागीय स्तर के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। छात्राओ अनुशासन, मेहनत और टीम भावना ने खेल मैदान में सभी को प्रभावित किया। विद्यालय के प्राचार्य शशिशेखर पटेरिया और खेल प्रशिक्षकों विशाल नाहर, गीता अहिरवार ने छात्राओं को इस सफलता के लिए बधाई दी एवं आगे होने क संभागीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पुष्पांजलि, संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**दतिया, 3 अगस्त।** दतिया के सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्धान आचार्य जगदीश प्रसाद सुहाने शास्त्री की पांचवीं पुण्य स्मृति में पुष्पांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन 4 अगस्त सायं 4 बजे से गहोई धर्मशाला बड़ा बाजार दतिया में होगा। समिति के संयोजक श्री मोहन सुहाने ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में महामंडलेश्वर दंदरौआ धाम श्री श्री-1008 श्रीरामदास जी महाराज संरक्षक के रूप में उपस्थित रहेगे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्यायाधीश उच्चन्यायालय इलाहाबाद, पूर्व चेयरमेन दिल्ली राज्य उपभोक्ता आयोग बरकत अली जैदी , अध्यक्षता दतिया महाराज अरूणादित्य सिंह जूदेव , मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर डॉ.आनन्द मिश्रा, रूपरेखा एवं प्रस्तावना राजनारायण बोहरे एवं बीज वक्तव्य आर,के नीखरा द्वारा होगा।